बिहार सरकार
**निर्वाचन विभाग**
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना–800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– ceo_bihar@eci.gov.in

## प्रेस विज्ञप्ति

पटना – 04 मई, 2024

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में बिहार राज्य निर्वाचन विभाग निष्पक्ष, स्वच्छ एवं स्वस्थ चुनाव कराने के लिए कृतसंकल्प है। एक ओर जिलों में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण तथा समस्त गतिविधियों के संचालन का प्रशिक्षण जोर–शोर से चालू है, साथ ही समस्त तैयारियाँ भी प्रगति पर हैं।

आज दिनांक 04.05.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के तहत पाँचवें चरण के लिए पाँच (05) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, सारण तथा हाजीपुर–अ0जा0) में स्क्रूटनी की तिथि नियत थी। प्राप्त सूचनानुसार मधुबनी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल सत्रह (17) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद बारह (12) अभ्यर्थी चुनाव में हैं। सीतामढ़ी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल उन्नीस (19) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद पन्द्रह (15) अभ्यर्थी चुनाव में हैं। मुजफ्फरपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल अठाईस (28) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद छब्बीस (26) अभ्यर्थी चुनाव में हैं। सारण लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल सत्रह (17) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद पन्द्रह (15) अभ्यर्थी चुनाव में हैं। हाजीपुर–अ0जा0 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल बाईस (22) अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था स्क्रूटनी के बाद चौदह (14) अभ्यर्थी चुनाव में हैं।

इसके अतिरिक्त आज दिनांक 04.05.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के छठे चरण के लिए आठ (08) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज–अ0जा0, सिवान तथा महाराजगंज) मे नामनिर्देशन का पाँचवां दिन था। उक्त आठ (08) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामनिर्देशन की स्थिति निम्नवत् है:–

| लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम | क्र0 | अभ्यर्थी का नाम | दल सम्बद्धता | अब तक कुल अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| वाल्मीकिनगर | 01 | प्रवेश कुमार मिश्र | निर्दलीय | 09 |
| | 02 | शम्भू प्रसाद | निर्दलीय | |
| | 03 | चन्द्रेश्वर मिश्र | निर्दलीय | |
| | 04 | दिनेश अग्रवाल | निर्दलीय | |
| | 05 | परशुराम साह | निर्दलीय | |
| पश्चिम चम्पारण | 01 | मदन मोहन तिवारी | इंडियन नेशनल कॉंग्रेस | 03 |
| पूर्वी चम्पारण | 01 | ब्रज बिहारी यादव | निर्दलीय | 08 |
| | 02 | पवन कुमार | निर्दलीय | |
| | 03 | डॉ0 राजेश कुमार | विकासशील इंसान पार्टी | |
| | 04 | मो0 अशरफ अली अंसारी | निर्दलीय | |
| | 05 | निकेश कुमार | निर्दलीय | |
| शिवहर | 01 | रितु जयसवाल | राष्ट्रीय जनता दल | 10 |
| | 02 | सुजित कुमार | निर्दलीय | |
| वैशाली | 01 | कृष्ण कुमार जायसवाल | आजाद अधिकार सेवा | 21 |
| | 02 | विनोद जामुन दास | गजरात सर्वे समाज पार्टी | |
| | 03 | शहजाद आलम | समता पार्टी | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 04 | जितेन्द्र प्रसाद | निर्दलीय | |
| | 05 | राज नारायण यादव | निर्दलीय | |
| गोपालगंज–अ0जा0 | 01 | डॉ. आलोक कुमार सुमन | जनता दल (युनायटेड) | 07 |
| | 02 | राम कुमार मांझी | गण सुरक्षा पार्टी | |
| | 03 | प्रेमनाथ चंचल | विकासशील इंसान पार्टी | |
| | 04 | सुजीत कुमार राम | बहुजन समाज पार्टी | |
| | 05 | जितेन्द्र राम | बहुजन मुक्ति पार्टी | |
| सिवान | 01 | विजयलक्ष्मी देवी | जनता दल (युनायटेड) | 12 |
| | 02 | महेन्द्र सिंह उर्फ महेन्द्र राय | राष्ट्रीय सब जन शक्ति पार्टी | |
| | 03 | संजय कुमार साह | भारतीय लोक नायक पार्टी | |
| | 04 | प्रकाशमणि तिवारी | निर्दलीय | |
| | 05 | देवकांत मिश्रा | निर्दलीय | |
| | 06 | दिलीप कु सिंह | बहुजन समाज पार्टी | |
| महाराजगंज | 01 | जनार्दन सिंह सिग्रीवाल | भारतीय जनता पार्टी | 08 |
| | 02 | साबीर खान | आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) | |
| | 03 | अहमद हुसैन अंसारी | वाजिव अधिकार पार्टी | |
| | 04 | नयन प्रसाद | भारत का किसान मजदूर पार्टी | |

प्राप्त सूचनानुसार लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता के तहत राज्य में वाहन दुरूपयोग के संदर्भ में औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01) मामला प्रतिवेदित है। लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के तहत भागलपुर जिलांतर्गत एक (01) मामला प्रतिवेदित है तथा तदनुसार एक (01) एफआईआर दर्ज है। अवैध बैठक/भाषण आदि के संदर्भ में ग्यारह (11) मामले प्रतिवेदित हैं जो क्रमेण इस प्रकार हैं–औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01), बेगूसराय जिलांतर्गत एक (01), भोजपुर जिलांतर्गत एक (01), पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत पाँच (05) एवं सहरसा जिलांतर्गत तीन (03)। इस संदर्भ में दस (10) एफआईआर दर्ज हैं। निर्वाचक को प्रलोभन देने के संदर्भ में बक्सर जिलांतर्गत एक (01) मामला प्रतिवेदित है।

पुनः आदर्श आचार संहिता के तहत सम्पत्ति विरूपण के संदर्भ में सरकारी सम्पत्ति के तहत एक (01) मामला राज्य में प्रतिवेदित है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 03.05.2024 को कुल **₹21.99300**(लाख) रूपये नगद बरामद किये गये हैं। कुल जब्त लीकर–12099.53(लीटर) की सूचना प्राप्त हुई है जिसका मूल्य **₹24.93502**(लाख) रूपये हैं। जहाँ तक ड्रग्स तथा नारकोटिक्स की बात है तो कुल **₹3.00000**(लाख) रूपये मूल्य के 1200.00(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। वहीं किमती धातुओं की बात है तो कुल **₹0.14000**(लाख) रूपये मूल्य के 2.00(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। मुफ्त/अन्य सामग्रियों के तहत कुल **₹43.12087**(लाख) रूपये मूल्य की 12812.00 सामग्रियों को जब्त किया गया है। इस प्रकार कुल **₹93.18889**(लाख) रूपये मूल्य की जब्ती प्रतिवेदित है।